July 21, 2021

**BSE Limited**
Floor 25, P. J. Towers
Dalal Street, Fort
Mumbai - 400 001

**National Stock Exchange of India Limited**
Exchange Plaza
Bandra Kurla Complex
Bandra (E)
Mumbai - 400 051

Dear Sirs,

**Sub.: Submission of copies of published Unaudited Consolidated Financial Results**

In continuation to our letter dated July 20, 2021, we enclose copies of the Unaudited Consolidated Financial Results of the Company for the quarter ended June 30, 2021 published on July 21, 2021 in MINT (English) and HINDUSTAN (Hindi).

We request you to take the same on record.

Thanking you,

Yours faithfully,
For Jubilant Ingrevia Limited

DEEPANJALI GULATI Digitally signed by DEEPANJALI GULATI Date: 2021.07.21 18:23:06 +05'30'

Deepanjali Gulati
Company Secretary

Encl: as above




**Jubilant Ingrevia Limited**
1-A, Sector 16-A,
Noida-201 301, UP, India
Tel: +91 120 4361000
Fax: +91 120 4234895-96
www.jubilantingrevia.com

Regd Office:
Bhartiagram, Gajraula
Distt. Amroha - 244 223
Uttar Pradesh, India
CIN : L24299UP2019PLC122657

# BHP weighing oil exit in retreat from fossil fuels

## BHP reviewing petroleum biz, considering options including a trade sale

Bloomberg
feedback@livemint.com

BHP Group is considering getting out of oil and gas in a multi-billion-dollar exit that would accelerate its retreat from fossil fuels, according to people familiar with the matter.

The world's biggest miner is reviewing its petroleum business and considering options including a trade sale, said the people, who asked not to be identified as the talks are private. The business, which is forecast to earn more than $2 billion this year, could be worth an estimated $15 billion or more, one of the people said.

BHP's energy assets make it an outlier among the world's biggest miners -- rival Anglo American Plc has already exited thermal coal under investor pressure and BHP is trying to follow suit. The company has long said the oil business was one of its strategic pillars and argued that it will make money for at least another decade. But as the world tries to shift away from fossil fuels, BHP wants to avoid getting stuck with assets that more become more difficult to sell, the people said.

The deliberations are still at an early stage and no final decision has been made, the people said. A spokesman for BHP declined to comment.

The move comes as oil supermajors grapple with how to respond to investor pressure over climate, in some cases by shrinking their core production and adding renewable energy assets.

BHP wants to exit while it can still get a good price for the assets, aiming to repeat a 2018 sale of its shale business to BP Plc for $10.4 billion, the people said. And unlike big-oil rivals, BHP doesn't depend on profits from the energy business, which are dwarfed by the company's giant iron ore and copper units.

The timing could be good for an oil exit.



BHP's petroleum oil and gas business, which is forecast to earn more than $2 billion this year, could be worth an estimated $15 billion or more. REUTERS

The economic recovery from covid-19 has transformed the fortunes of oil producers, with Brent oil futures having rallied about 60% in the past year.

By contrast, the company's efforts to get out of thermal coal so far have been disappointing, after early bids for mines in Australia came in lower than the company's own valuations last year.

Getting out of both thermal coal and petroleum would help BHP make its case to investors as a company geared toward commodities of the future. The miner is also expected to sanction a giant potash mine in Canada next month, which could make it a key supplier of the crop nutrient once production begins. BHP is scheduled to report annual results on 17 August.

BHP has been in oil and gas since the 1960s, and has assets in the Gulf of Mexico and off the coast of Australia. It produced 102.8 million barrels of oil equivalent in the year ending 30 June.

"BHP is an outlier in the mining sector for its petroleum business and this is often cited in our investors discussions as a point of detraction," said RBC Capital Markets analyst Tyler Broda. "With rising ESG pressures facing the industry, but also as this business potentially enters into a re-investment phase, we can see why management might be contemplating an exit." Broda estimates the business is worth about $14.3 billion.

### EXIT PLAN

**BHP GROUP'S** energy assets make it an outlier among the world's biggest miners

**BUT IT** wants to avoid getting stuck with assets that more become more difficult to sell

**THE** deliberations, however, are still at an early stage and no final decision has been made

# Now, pension fund managers will be allowed to invest in listed firms, IPOs

Neil Borate & Navneet Dubey
MUMBAI/NEW DELHI

India's pension funds will soon be allowed to invest in select publicly listed companies and initial public offerings, the sector regulator said.

Pension Fund Regulatory and Development Authority (PFRDA) chairman Supratim Bandyopadhyay said pension fund managers will get to invest in India's top 200 listed companies, apart from IPOs, follow-on public offerings, and offers for sale issues. Currently pension funds can only invest in companies with market cap more than ₹5,000 crore which also are in the F&O (futures and options) segment of bourses. The regulator will thus expand the investible universe to the top 200 companies.

The regulator will fix certain criteria for eligible IPOs and similar primary issues, Bandyopadhyay told reporters.


PFRDA chairman Supratim Bandyopadhyay says pension fund managers will get to invest in India's top 200 listed companies.

A proposal to allow withdrawals from National Pension System at maturity through systematic withdrawal plans (SWPs) instead of annuities is part of a PFRDA Bill currently in Parliament, Bandyopadhyay said. Currently, NPS subscribers have to use 40% of their corpus to buy an annuity (a fixed pension) at maturity, at the age of 60. An SWP by comparison will give subscribers the choice of when and how much to withdraw from their pension corpus after maturity.

Besides, the government is likely to make PFRDA the regulator for superannuation funds, which currently operate in a regulatory vacuum. Superannuation funds are retirement funds run by corporates. They are given approval by the income tax department, and they have to abide by the guidelines from the finance ministry; however, the government is in talks with PFRDA, the authority to regulate these funds, Bandyopadhyay said.

Once the PFRDA receives regulatory powers, it will ask superannuation funds to submit their accounts and documents and check whether the finance ministry's guidelines are being observed. If not, they will be given the option to transfer their funds to NPS and become part of the NPS system. He further added that there are advantages to transfer superannuation funds to NPS because, in superannuation funds, only a third can be withdrawn tax-free at maturity, whereas, in NPS, the amount is 40% of the subscriber's corpus.

# Asian Paints touches m-cap of ₹3 tn in a first

Ravindra N. Sonavane
ravindra.s@livemint.com
MUMBAI

Asian Paints Ltd on Tuesday touched ₹3 trillion in market capitalization (m-cap) for the first time, becoming the first paint manufacturer to achieve the milestone. The stock hit an all-time high of ₹3,178 on the BSE after rising 6.66%. At closing, it settled at ₹3,159.20, up 6.04% from its previous close, with its mcap at ₹3.03 trillion. So far in 2021, the share price has risen 14.5%. Asian Paints announced its June quarter earnings earlier, reporting a consolidated net profit of ₹574.30 crore, up 161% from ₹219.61 crore a year ago. The company's revenue rose 91% to ₹5,674.97 crore. Its earnings before interest, tax, depreciation, and amortization (Ebitda) climbed 94% to ₹1,000.65 crore.



Asian Paints' share price has risen 14.5% in 2021. MINT

The decorative paints business more than doubled its volume to deliver stellar revenues over a low base of last year, which suffered from the covid-led nationwide lockdown. The business registered strong compounded average growth in value and volume in comparison with Q1FY20, which was a normal quarter, indicative of a strong, consistent trajectory, the company said in a release to exchanges. The industrial and home improvement businesses also doubled revenue on last year's low base. International business, which saw some continuity of business in the Q1FY20, registered strong double-digit revenue growth.

"This has been a resilient performance across all businesses despite the challenges posed by the second covid-19 wave, which disrupted business continuity from the second fortnight of April 2021. We registered strong growth in April and a robust resounding rebound in June, post May, which was impacted in a big way," said Amit Syngle, managing director and chief executive officer, Asian Paints.

"In line with our view, the stock has seen strong outperformance and is now trading at all-time high valuation multiple of 68x FY23 and 59x FY24 consensus earnings...Further rise in material inflation and margin/ROCE dilution due to diversification could be risks to an otherwise flawless execution story" said Himanshu Nayyar, lead analyst–institutional equities at Yes Securities.

**NORTH DELHI MUNICIPAL CORPORATION**
**(Remunerative Project Cell)**
**16th Floor, Civic Centre, Minto Road, New Delhi, Tel. No. 2322-6608**

**PUBLIC NOTICE**

No. DC/RP Cell/NDMC/2021/D-302 Date : 20.07.2021

**Allotment of Authorized Parking Sites**

North DMC invites parking contractors/Firms/Co./Individuals etc. for allotment of authorized parking sites falling under the jurisdiction of North DMC through E-tender for regular basis on payment of Advance Monthly License Fee.

The Scheduled e-tender with complete details and Terms & Conditions are available on website of North Delhi Municipal Corporation, **www.tenderwizard.com/NORTHMCDETENDER**, **www.mcdonline.gov.in** and **www.mcdonline.gov.in/tri/ndmc** MCD portal. Corrigendum, if any, shall only be available on above websites. The date of availability of application for e-tender/offer documents on North DMC website is **23.07.2021 at 11:00 AM to 16.08.2021 by 05:00 PM.** Last date for submission of e-tender will be **17.08.2021 by 05:00 PM.**

**Admn. Officer,**
**R.P. Cell/NDMC**
**R.O. No. 23/DPI/North DMC/2021-22**

**noida**
**New Okhla Industrial Development Authority**
**Administrative Building, Sector-6, Noida-201301 (U.P.)**
**Website : www.noidaauthorityonline.in**

**Request for Proposal for Empanelment of Agencies for Carrying Out Dog Sterilization and Immunization of Stray Dogs in NOIDA**

NOIDA thus invites **"Request for Proposal"** from the private, public or government owned legal entity registered in India interested showcase their interest in carrying out dog sterilization and immunization of stray dogs in NOIDA. The broad activities include but not limited to picking up of the stray dogs, keeping stray dogs in shelters/kennels, surgical sterilization, post-operative care and anti-rabies immunization, and release of dogs to the same place from the picking spot & keeping. The interested entities/ agencies / firms / companies may then send their organizational profile along with the approach and methodology of carrying out the operations with the forms available in the RFP document uploaded on the NOIDA website on or before **04 August, 2021** before **5:00 PM,** on the following email addresses:

**Email address : pehealth39@gmail.com**
**Website : www.noidaauthorityonline.com**

The RFP document will be available on NOIDA's website **www.noidaauthorityonline.in**

1. The applicants may submit your responses in sealed envelopes and also on the e-mails as mentioned above in prescribed format to be undersigned latest by : **04.08.2021**
2. Queries if any may be referred in writing to the Senior Project Engineer, at the above mentioned address or email at **pehealth39@gmail.com**
3. **Critical Dates**

| | |
|---|---|
| Publishing Date | 22.07.2021 |
| EOI Submission Start Date | 22.07.2021 |
| EOI Submission End Date | 04.08.2021 |
| EOI Opening Date | 05.08.2021 |

4. **Bid processing fee = Rs. 2500.00 + 18% GST = 2950.00**
5. **Earnest Money = 1,00,000.00**

**Senior Project Engineer (PH)**
**Public Health Department, Noida**
**Office : Sector-39, Noida**

**CLEAN, GREEN, SAFE & SECURE NOIDA**

JUBILANT INGREVIA

**Jubilant Ingrevia Limited**

Regd. Office: Bhartiagram, Gajraula, District Amroha - 244 223 (U.P.) | CIN: L24299UP2019PLC122657
Website: www.jubilantingrevia.com | Email: investors.ingrevia@jubl.com | Tel: +91-5924-267200 | Fax: +91-5924-252352

**Extract of Consolidated Unaudited Financial Results for the Quarter ended 30 June 2021**

(₹ in Lakhs)

| Particulars | Quarter Ended | | | Year Ended |
|---|---|---|---|---|
| | 30 June (Unaudited) 2021 | 31 March (Audited) 2021 | 30 June (Unaudited) 2020 | 31 March (Audited) 2021 |
| Total revenue from operations | 114456 | 68413 | - | 68413 |
| Net Profit before tax and exceptional items | 24305 | 9033 | - | 9033 |
| Net Profit before tax (after exceptional items) | 24305 | 7739 | - | 7739 |
| Net Profit after tax and exceptional items | 16826 | 5436 | - | 5436 |
| Total comprehensive income after tax (comprising profit for the period after tax and other comprehensive income after tax) | 17123 | 5934 | - | 5934 |
| Earnings per share of ₹ 1 each (Not annualised) | | | | |
| Basic (₹) | 10.58 | 5.20 | - | 20.78 |
| Diluted (₹) | 10.58 | 5.20 | - | 20.78 |
| Equity share capital | 1590 | 1593 | 5 | 1593 |
| Reserves excluding revaluation reserves (other equity) | | | | 190701 |

1. The Company has opted to publish consolidated results for the year ending 31 March 2022. The standalone unaudited financial results are available under Investors section of our website at www.jubilantingrevia.com and Financial Results at Corporates section of www.nseindia.com and www.bseindia.com. Key standalone financial information of the Company is as under:


(₹ in Lakhs)

| Particulars | Quarter Ended | | | Year Ended |
|---|---|---|---|---|
| | 30 June (Unaudited) 2021 | 31 March (Audited) 2021 | 30 June (Unaudited) 2020 | 31 March (Audited) 2021 |
| Total revenue from operations | 110543 | 66893 | - | 66893 |
| Profit before tax | 20327 | 5554 | - | 5554 |
| Net profit after tax | 13817 | 3859 | - | 3859 |

2. The figures for the current quarter are not comparable with previous periods since the figures for quarter and year ended 31 March 2021 include results of demerged LSI business from Jubilant Pharmova Limited for two months, from the effective date of demerger i.e., 1 February 2021 till 31 March 2021.
3. The above consolidated unaudited financial results were subjected to limited review by the Statutory Auditors of the Company, reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at its meeting held on 20 July 2021.
4. The above is an extract of the detailed format of the consolidated unaudited financial results for the quarter ended 30 June 2021 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format for the consolidated unaudited financial results for the quarter ended 30 June 2021 is available under Investors section of our website at www.jubilantingrevia.com and Financial Results at Corporates section of www.nseindia.com and www.bseindia.com.

For **Jubilant Ingrevia Limited**
**Rajesh Kumar Srivastava**
CEO & Managing Director

Place : Noida
Date : 20 July 2021



Growth is
not just about business.
It's also about the business of life.

Growth is...On.

mint
Think *Ahead.*
Think *Growth.*

Follow us: mint.live livemint live_mint livemint www.livemint.com
https://www.fresherwave.com/

आज का दिन 1963 में काशी विद्यापीठ को विश्वविद्यालय का दर्जा दिया गया।



## कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर बोला हमला, कहा-मामले में सरकार भ्रम पैदा कर रही

# जेपीसी जांच पर अड़ा विपक्ष



### पेगासस का जाल

नई दिल्ली | विशेष संवाददाता

कांग्रेस ने इजराइली सॉफ्टवेयर पेगासस को लेकर सरकार पर हमले और तेज कर दिए हैं। पार्टी ने सरकार से पूछा है कि सरकार को बताना चाहिए कि उसने पेगासस सॉफ्टवेयर खरीदा है या नहीं। पार्टी ने इस पूरे मामले की संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से जांच की मांग की है।

पार्टी प्रवक्ता शक्ति सिंह गोहिल ने कहा कि सरकार को साफ तौर पर यह बताना चाहिए कि उसने पेगासस स्पाइवेयर खरीदा या नहीं। सरकार ने नहीं खरीदा है तो इसका दुरुपयोग किसने किया है। सरकार को इन सवालों का स्पष्ट जवाब देना चाहिए। गोहिल ने कहा कि पार्टी ने फोन हैकिंग के मुद्दे पर राष्ट्रीय सुरक्षा और संविधान के तहत मौलिक अधिकारों के उल्लंघन पर चर्चा करने के लिए दोनों सदनों में नोटिस दिया था। हमारी मांग है कि सरकार जांच के लिए फौरन जेपीसी का गठन करे। इस मुद्दे पर सरकार की तरफ से आए जवाब पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा सरकार भ्रम पैदा करने की कोशिश कर रही है। सरकार को स्पष्ट जवाब देना चाहिए कि पेगासस स्पाइवेयर खरीदा है नहीं।।

**देश को सच जानने का हकः** भाकपा ने भी मंगलवार को विपक्षी नेताओं, पत्रकारों, कार्यकर्ताओं और अन्य लोगों की जासूसी कराने के आरोपों की जांच संयुक्त जेपीसी से कराने की मांग की है। पार्टी ने कहा कि देश की जनता को मामले की सच्चाई जानने का हक है।

### सिब्बल बोले, शीर्ष कोर्ट की निगरानी में हो जांच

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता कपिल सिब्बल ने जासूसी मामले की उच्चतम न्यायालय की निगरानी में जांच कराए जाने और सरकार से श्वेत पत्र लाने की मांग की है, जिसमें इस बात का स्पष्ट जिक्र हो कि उसने इजराइली जासूसी सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल किया है अथवा नहीं। सिब्बल ने कहा कि मामले में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह का कहना है कि देश को वैश्विक मंच पर बदनाम किया जा रहा है।



नई दिल्ली में मंगलवार को संसद भवन परिसर में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कांग्रेस पार्टी प्रवक्ता शक्ति सिंह गोहिल। साथ में अखिलेश प्रसाद सिंह। • एएनआई

### विवाद से सरकार का कोई लेना-देना नहीं : जोशी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी ने मंगलवार को पेगासस जासूसी विवाद को लेकर विपक्ष के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि इससे सरकार का कोई लेना-देना नहीं है, बावजूद इसके यदि विपक्षी दल इस मुद्दे को संसद में उठाना चाहते हैं तो वह नियमों के तहत इसे उठा सकते हैं। भाजपा संसदीय दल की बैठक के बाद पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए संसदीय कार्य मंत्री जोशी ने कहा कि इससे सरकार का कोई ताल्लुक नहीं है।

### अंतरराष्ट्रीय साजिश का शिकार हैं विपक्षीःयोगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तथाकथित पेगासस जासूसी मामले को लेकर मंगलवार को विपक्षी दलों पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल बड़े अंतरराष्ट्रीय साजिश का शिकार हैं। विपक्षी दलों के द्वारा देश के भीतर जिस प्रकार का वातावरण बनाने का प्रयास हो रहा है, वह उनकी कुत्सित भावना का ही परिचायक है। कांग्रेस, सरकार में रहते हुए अपने समय में जिस प्रकार की हरकतें करती रही है, आज विपक्ष में रहकर अपने उन्हीं मंसूबों के अनुसार आगे बढ़ रही है।

## पेगाससः बस एक मिस कॉल और आपका फोन हैक

पेगासस स्पाईवेयर कोई मैसेज या लिंक भेजे बिना ही किसी स्मार्टफोन या अन्य स्मार्ट डिवाइस को आसानी से हैक कर लेता है। इसकी तेजी का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि बस मिस वीडियो कॉल के जरिये यह एक सेकंड के 10वें हिस्से में ही डिवाइस हैक कर लेता है। हैकिंग की इस आधुनिक तकनीक को 'जीरो क्लिक एक्सप्लाइट' कहते हैं। इजरायली कंपनी द्वारा बनाए गए दुनिया के इस सबसे कुख्यात सॉफ्टवेयर की कई खासियतें इसे नंबर वन जासूस बनाती हैं।

### क्या है पेगासस

पेगासस स्पाईवेयर एक तरह का साफ्टवेयर प्रोग्राम है जिसका इस्तेमाल निगरानी के लिए किया जाता है। यह पहली बार वर्ष 2019 में प्रकाश में आया और आज दुनिया में सर्वाधिक इस्तेमाल वाले जासूसी हथियार में से एक है। इसे इजरायल की सिक्योरिटी फर्म एनएसओ ग्रुप ने निगरानी के लिए विकसित किया था जिसे केवल सरकारों को बेचा गया। पर मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस तरह का स्पाईवेयर कई हैकर समूहों के पास भी मौजूद है। कहा तो यही जाता है कि कई रईस लोगों व समूहों ने भी इसे हासिल कर लिया है।

### तीन काम को अंजाम देता है

1 सबसे पहले यह स्मार्टफोन के कैमरा और स्पीकर को ऑन करके पुराने डाटा चुराता है।


2 यह फोन के चोरी किए गए डाटा को तुरंत थर्ड पार्टी को भेज देता है। इनमें पुराने मैसेज, चैट, वीडियो रिकॉर्डिंग, दस्तावेज आदि शमिल हैं।

3 ये जब चाहे तब आपकी कॉल या चैट को रिकॉर्ड कर सकता है। यूं समझिए कि ये आपके मोबाइल की जड़ में जाकर बैठ जाता है और उसका मालिक बन जाता है।




### 180 पत्रकारों-लेखकों की जासूसी

दुनिया के 10 देशों के 17 मीडिया हाउस की जांच में पेगास स्पाईवेयर से जासूसी का खुलासा हुआ। इसमें पता चला कि दुनियाभर के 180 लेखकों-पत्रकारों की जासूसी की गई जिसमें से 40 भारतीय हैं। इस दौरान पेरिस के एनजीओ फोरबिडन स्टोरीज और एमनेस्टी इंटरनेशनल ने भी 50 हजार से ज्यादा फोन नंबरों का पता लगाया जिन पर पेगासस से हमला किया गया था।




नोट-* का मतलब ( से अधिक)

### इन बातों को हल्के में न लें

- इंटरनेट डाटा तेजी से खर्च होना
- बैटरी जल्दी डिस्चार्ज होने लगना
- फोन में अनजान एप इंस्टॉल होना
- गैलरी में मौजूद फाइलों का उड़ जाना
- एप, वेबपेज या फाइल धीमे खुलना
- अजीबोगरीब पॉप-अप मैसेज आना
- फोन बार-बार हैंग और गर्म होना
- एप का ठीक से काम नहीं करना
- पासवर्ड बदलने की कोशिश, अज्ञात ऑनलाइन या सोशल मीडिया गतिविधियां

### उमर खालिद समेत कई कार्यकर्ताओं के फोन नंबर पेगासस सूची में थे

**नई दिल्ली ।** जेएनयू के पूर्व छात्र उमर खालिद, अर्निबान भट्टाचार्य और बनज्योत्सना लाहिड़ी समेत कई प्रमुख कार्यकर्ताओं के फोन नंबर इजराइली जासूसी सॉफ्टवेयर पेगासस के संभावित निशाने वाली सूची में शामिल थे। रिपोर्ट के अनुसार, आंबेडकरवादी कार्यकर्ता अशोक भारती, नक्सल प्रभावित इलाकों में काम करने वालीं बेला भाटिया, रेलवे यूनियन नेता शिव गोपाल मिश्रा व दिल्ली में काम करने वाली श्रम अधिकार कार्यकर्ता अंजलि कुमार भी शामिल हैं।

### पेगासस विवाद के बाद अमेजन ने बंद किया क्लाउड इन्फ्रास्ट्रक्चर

**नई दिल्ली।** अमेरिकी मीडिया समूह वाइस ने सोमवार को बताया कि अमेजन इंक की क्लाउड सेवा अमेजॉन वेब सेवा ने अपने बुनियादी ढांचे और इजरायली निगरानी विक्रेता एनएसओ समूह से जुड़े खातों को बंद कर दिया है। यह कदम तब उठाया गया है जब भारत में पेगासस फोन हैकिंग के मामले सामने आए हैं। अमेजन के एक प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, जब हमें इस गतिविधि के बारे में पता चला, तो हमने संबंधित बुनियादी ढांचे और खातों को बंद करने के लिए तेजी से काम किया। अमेजन ने तुरंत यह खुलासा नहीं किया कि खाता एनएसओ समूह से जुड़ा था या नहीं।

## मेडिकल के केंद्रीय कोटे में ओबीसी आरक्षण!

### ऑल इंडिया कोटा

नई दिल्ली | मदन जैड़ा

ऑल इंडिया कोटे (एआईक्यू) के तहत एमबीबीएस दाखिले में ओबीसी आरक्षण लागू किए जाने के मद्रास हाईकोर्ट के निर्देश से केंद्र सरकार के समक्ष नई मुश्किल पैदा हो गई है। ओबीसी आरक्षण को इसी सत्र से लागू होना है जिस पर अगले सप्ताह केंद्र सरकार अपना रुख स्पष्ट कर सकती है। यदि एआईक्यू सीटों पर इसे लागू किया जाता है तो कई हजार सीटें ओबीसी उम्मीदवारों के लिए आरक्षित हो सकती हैं।

दरअसल, नीट के जरिये देश भर में एमबीबीएस सीटों पर एडमिशन होते हैं। देश के करीब-करीब सभी सरकारी कॉलेजों की 15 फीसदी सीटें केंद्रीय कोटे के तहत होती हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय खुद काउंसिल करके इन सीटों पर एडमिशन करता है। इनमें एससी, एसटी एवं पीडब्ल्यूडी आरक्षण तो लागू है लेकिन ओबीसी आरक्षण नहीं है। बाकी 85 फीसदी सीटों पर राज्य सरकारें अपनी नीति के अनुसार आरक्षण देती हैं।

## कुछ को मिलेगी कुर्सी तो कुछ का पत्ता साफ होगा!

### मंत्रिमंडल विस्तार — कवायद

- सात पदों पर होंगे नए मंत्री और कुछ मंत्रियों को हटाने की चर्चाएं तेज
- बकरीद बाद हो सकता है विस्तार, साधा जाएगा जातीय समीकरण

लखनऊ | विशेष संवाददाता

प्रदेश सरकार के दूसरे मंत्रिमंडल विस्तार में कुछ युवा चेहरों को इंट्री मिलने की संभावना है तो इसी के साथ विधानसभा चुनावों के मद्देनज़र जातीय समीकरण भी साधे जाएंगे। माना जा रहा है कि मंत्रिमंडल विस्तार में काम ठीक से न करने वाले मंत्रियों की कुर्सी जा सकती है तो वहीं कुछ मंत्रियों को उनके अच्छे कामकाज का इनाम भी मिल सकता है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह और महामंत्री संगठन सुनील बंसल मंगलवार को दिल्ली में केंद्रीय नेतृत्व से मिलने पहुंचे। माना जा रहा है कि केंद्रीय नेतृत्व ने भी मंत्रिमंडल विस्तार के लिए सहमति दे दी है। सूत्रों का कहना है कि इस दौरान विधानसभा चुनावों के मद्देनज़र संगठन में कुछ बदलाव के साथ ही मंत्रिमंडल विस्तार पर चर्चा हुई है। इसके अलावा कुछ दर्जा प्राप्त मंत्रियों और आयोगों में भी तैनाती पर विचार हो रहा है। ऐसे में बकरीद के बाद 24 अथवा 25 जुलाई को मंत्रिमंडल विस्तार किया जा सकता है। फिलहाल मंत्रिमंडल में 53 मंत्री हैं और सात पद खाली हैं। पार्टी सूत्रों की मानें तो मंत्रिमंडल विस्तार में ब्राह्ण चेहरे के रूप में जितिन प्रसाद को शामिल किया जा सकता है। वह हाल ही में कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए हैं। लिहाजा, उन्हें विपक्ष के ब्राह्मण वोटों की दावेदारी के प्रयास की काट के लिए जगह दी जा सकती है।

### दलित चेहरे के साथ ओबीसी पर जोर

जानकारों का मानना है कि ओबीसी वोट बैंक को साधे रखने के लिए पार्टी संजय निषाद के साथ ही बहुजन समाज पार्टी से खिन्न चल रहे एक राजभर नेता को साथ लेने पर विचार कर रही है। माना जा रहा है कि ओमप्रकाश राजभर की काट के लिए इस राजभर नेता के किसी परिजन को या तो एमएलसी बनाया जा सकता है या फिर मंत्रिमंडल में लेने का फैसला हो सकता है। इसी के साथ भाजपा के सह संगठन मंत्री भवानी सिंह के स्थान पर संगठन के पुराने कार्यकर्ता को समाहित किया जा सकता है। वहीं संगठन में काम कर रहे एक दलित नेता की भी मंत्री पद के लिए दावेदारी की चर्चा है।

## संक्षेप

### टीजीटी जीव विज्ञान 2016 का प्रवेश पत्र जारी

**प्रयागराज।** सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में प्रशिक्षित स्नातक (जीव विज्ञान) 2016 की 31 जुलाई को प्रस्तावित लिखित परीक्षा के प्रवेश पत्र मंगलवार को www.upsessb.org www.pariksha.up.nic.in पर जारी कर दिए गए। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड के उप सचिव और परीक्षा नियंत्रक नवल किशोर ने बताया कि अभ्यर्थी आवश्यक सूचना अंकित करते हुए अपना प्रवेश पत्र 31 जुलाई तक डाउनलोड कर सकते हैं।

### गाड़ी रजवाहा में गिरी तीन दोस्तों की मौत

**मथुरा।** सोमवार देर रात कोसीकलां क्षेत्रान्तर्गत वठैन रोड पर गांव हुलवाना के निकट पीछे से आरही कार द्वारा टक्कर मारने से होंडा सिटी नन्दगांव रजवाहा में गिर गई। इस घटना में होंडा सिटी में सवार तीन दोस्तों की मौत हो गई। तीनों पलवल के रहने वाले थे।

### पेट्रोल के रुपये मांगने पर हत्या

**खुटार।** शाहजहांपुर जिले के खुटार क्षेत्र के मुरादपुर निवियाखेड़ा स्थित धंजू पेट्रोल पंप पर मंगलवार सुबह घटना हो गई। तेल डलवाने के बाद रुपये मांगने पर बाइक सवार तीन बदमाशों ने सेल्समैन को गोली मार दी। जिससे सेल्समैन की मौके पर ही मौत हो गई। क्षेत्र के कढ़ैया गांव निवासी अजय प्रकाश की उम्र तकरीबन 25 साल थी।

### अनाज व परिवर्तन राशि की मिलेगी जानकारी

**लखनऊ ।** सरकारी स्कूल में कितना मिड डे मील मिला, इसकी जानकारी अभिभावकों को दी जाएगी। राज्य सरकार को निर्देश दिया गया है कि एमडीएम में खाद्यान्न व परिवर्तन राशि का ब्यौरा जारी किया जाए। अभिभावकों की शिकायतें दूर करने के लिए प्रणाली भी विकसित की जाए।

### गोरखपुर में प्रेमिका के घरवालों ने प्रेमी को मार डाला

**गोरखपुर।** गायघाट बुजुर्ग टोले में मंगलवार की भोर में हॉरर किलिंग से सनसनी फैल गई। लड़की के घरवालों ने उसके प्रेमी को लाठी-डंडे से पीट कर मार डाला। युवक की मां की तहरीर पर पुलिस ने लड़की के पिता और चाचा समेत पांच आरोपियों पर हत्या का केस दर्ज किया है। झंगहा इलाके के जीतपुर का रहने वाला प्रदीप उर्फ लौहर निषाद (27) बाहर रहकर मजदूरी करता था। करीब दो महीने पहले वह अपनी बहन की शादी में शामिल होने गांव आया था।

### श्रीमद्भगवद्गीता अंग्रेजी व मराठी में प्रकाशित होगी

**गोरखपुर ।** गीता प्रेस से रंगीन पन्नों में नव प्रकाशित श्रीमद्भगवदगीता का प्रकाशन अब अंग्रेजी और मराठी भाषाओं में भी किया जाएगा। इसमें गीता के श्लोक संस्कृत में और अनुवाद क्रमशः अंग्रेजी और मराठी में होगा। दोनों ही भाषाओं में शुरू में तीन-तीन हजार प्रतियां छापी जाएंगी।

अंग्रेजी और मराठी भाषाओं में प्रकाशित होने जा रही यह नई पुस्तक कुल 224 रंगीन पृष्ठों में होगी। इसमें कुल 129 चित्र होंगे। इसकी कीमत 250 रुपये होगी।

## बिजली उपभोक्ता अब त्रुटियां खुद सुधार सकेंगे

### झटपट पोर्टल

लखनऊ | प्रमुख संवाददाता

बिजली के नए कनेक्शन के लिए उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लि. की तत्काल कनेक्शन देने के 'झटपट संयोजन पोर्टल' की सेवाएं अब पूरी तरह उपभोक्ता फ्रेंडली कर दी गई है। आवेदन अधूरा या त्रुटियां रहने पर बिजली विभाग के जिम्मेदार अधिकारी आवेदन को रद्द नहीं कर सकेंगे। वह पोर्टल पर ही कमियां दूर करने का विवरण दर्ज करेंगे, जिसे आवेदक दूर कर सकेगा। केवल जून में ही 1.06 लाख आवेदन आए थे, जिसमें से 10 हजार को त्रुटियों के कारण रद्द करना पड़ा। अब तक झटपट कनेक्शन के ऑनलाइन आवेदन पत्रों के अधूरा रहने अथवा आवेदक द्वारा फार्म भरते समय गलतियां कर जाने से आवेदन को रद्द कर दिया जा रहा था। इससे उपभोक्ताओं को आर्थिक चोट लगने के साथ ही बेवजह परेशान होना पड़ रहा था। एक बार आवेदन रद्द कर दिए जाने पर पूरी प्रक्रिया फिर से करनी पड़ती थी।

### दिल्ली दंगे के मामले में आरोपी बरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में हुए दंगे के पहले मामले में मंगलवार को अदालत ने फैसला सुनाया। इस मामले में गैरकानूनी तरीके से एकत्र होने, दंगे और डकैती करने में शामिल रहने के आरोपी सुरेश को अदालत ने बरी कर दिया है।

कड़कड़डूमा स्थित अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अमिताभ रावत की अदालत ने कहा कि आरोपी की पहचान दंगाई या डकैती डालने वाले के रूप में नहीं हो सकी है। मामले के अधिकतर गवाहों के बयानों में विरोधाभासी हैं। बगैर पुख्ता साक्ष्यों व गवाहों के किसी को दोषी नहीं ठहराया जा सकता। अदालत ने कहा कि मसला एक दुकानदार की दुकान का ताला तोड़कर लूटपाट का है।

## किरायेदारी विनियमन नियमावली का ड्राफ्ट जारी

लखनऊ | विशेष संवाददाता

शहरों में अब मनमाने तरीके से किराएदार नहीं रखे जा सकेंगे। किराएदार रखने से पहले अनुबंध करना होगा। इस अनुबंध को किराया प्राधिकारी के यहां जमा करना होगा। किराया प्राधिकारी इसे अपनी वेबसाइट पर ऑनलाइन करेगा। प्रमुख सचिव आवास दीपक कुमार ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन नियमावली-2021 का प्रारूप जारी कर दिया है। इस पर 27 जुलाई तक सुझाव व आपत्तियां आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग एनेक्सी में दिया जा सकेगा।

आपत्तियां व सुझाव के निस्तारण के बाद इसे कैबिनेट मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। अधिसूचना जारी होने के बाद यह व्यवस्था प्रभावी हो जाएगी। नियमावली के मुताबिक मकान मालिक को निर्धारित प्रारूप पर किराएदार से अनुबंध करते हुए बताना होगा कि कितने किराए पर कितने महीने के लिए किराएदार रखा है। किराएदार को दी जाने वाली सुविधाओं की भी जानकारी इसमें देनी होगी।

## लीजबैक के नाम पर 3800 करोड़ की जमीन बांट दी




नोएडा | मुख्य संवाददाता

नोएडा प्राधिकरण में हुए लीजबैक घोटाले में 3800 करोड़ की जमीन नियमों की अनदेखी कर बांट दी गई थी। इसका खुलासा 10 साल पहले वर्ष 2011 में हुई विभागीय जांच में हुआ था। इस जांच रिपोर्ट के बाद तीन अधिकारियों के खिलाफ तभी कार्रवाई की गई थी। अब इसी घोटाले के मामले में तत्कालीन सचिव को बर्खास्त किया गया है।

लीजबैक घोटाले का खुलासा 2011 में हुई जांच में हुआ था। इस घोटाले में तीन लाख 81 हजार वर्गमीटर से अधिक जमीन नियमों को दरकिनार कर बाहरी लोगों समेत तीन निजी कंपनियों के नाम कर दी गई थी। विभिन्न आरोपों के बाद प्राधिकरण के अधिकारियों द्वारा की गई जांच में खुलासा हुआ था कि गांव के गैर निवासी और निजी कंपनियों को 175 वर्गमीटर से लेकर 15 हजार 340 वर्गमीटर तक के भूखंडों की लीजबैक की गई। एक्सप्रेसवे पर शहदरा गांव के पास स्थित इस जमीन की कीमत 10 साल पहले बाजार दर के हिसाब से 3800 करोड़ रुपये आंकी गई थी। इस खुलासे के बाद लीजबैक के नियमों का उल्लंघन कर जमीन दिए जाने के मामले में प्राधिकरण के नायब तहसीलदार मनोज कुमार को तत्काल कार्यमुक्त कर दिया गया था।

## शिक्षक भर्तीःअभ्यर्थियों का जोरदार प्रदर्शन

**लखनऊ।** शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों का आंदोलन थमने का नाम नहीं ले रहा। मंगलवार को 69 हजार शिक्षक भर्ती में आरक्षण नियमों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए अभ्यर्थियों ने पांच कालीदास मार्ग स्थित चौराहा से लेकर भाजपा प्रदेश कार्यालय तक जोरदार प्रदर्शन किया। आरक्षण बचाने को लेकर आवाज बुलंद की। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को बलपूर्वक जबरदस्ती घसीट -घसीट कर हटाया। बसों में भर कर ईको गार्डेन छोड़ा। इस दौरान कई अभ्यर्थी चोटिल हुए, कुछ बेहोश हो गए। दो को अस्पताल तक ले जाना पड़ा। बेसिक शिक्षा निदेशालय, बेसिक शिक्षा मंत्री और उपमुख्यमंत्री आवास का घेराव कर लगातार धरना प्रदर्शन कर रहे थे। सोमवार को निशातगंज स्थित बेसिक शिक्षा निदेशालय से पुलिस ने इन अभ्यर्थियों को जबरन हटाया था।

### शुभेंदु अधिकारी ने एसपी को दी चेतावनी

**तमलुक।** पश्चिम बंगाल में विपक्ष के नेता और भाजपा विधायक शुभेंदु अधिकारी ने पूर्वी मेदिनीपुर के पुलिस प्रमुख अमरनाथ के. को ऐसा कुछ करने से परहेज करने की चेतावनी दी जिससे उनका स्थानांतरण कश्मीर के अनंतनाग या बारामूला हो जाए। राज्य पुलिस ने इसका स्वतः संज्ञान लेते हुए मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के नेता शुभेंदु अधिकारी समेत 14 अन्य के खिलाफ तमलुक थाने में मामला दर्ज किया।

## खुलासाः राज कुंद्रा एप से कर रहे थे काली कमाई

मुंबई | एजेंसी

अश्लील फिल्म बनाने के आरोप में गिरफ्तार राज कुंद्रा को लेकर नए खुलासे सामने आ रहे हैं। कुंद्रा एक एप के जरिए अश्लील फिल्में रिलीज कर मोटी कमाई कर रहे थे। कुंद्रा ने एच अकाउंट के नाम से व्हाट्सग्रुप ग्रुप बनाया था। इस ग्रुप पर पोर्न मूवी बनाने वाली कंपनी केनरिन प्रोडक्शन हाउस के चेयरमैन से लेन-देन और कंटेंट पोस्टिंग के बारे में चर्चा करते थे। पांच लोग इस ग्रुप में शामिल थे। पुलिस के मुताबिक, इस पूरे मामले में राज कुंद्रा ही मुख्य आरोपी हैं।

**वाट्सएप ग्रुप के जरिए होती थी डीलः** राज की गिरफ्तारी के बाद कुछ वॉट्सऐप चैट सामने आई हैं जिनसे ये खुलासा हो रहा है कि राज ने अश्लील फिल्म बनाने के कारोबार से तगड़ी कमाई की है। वायरल वॉट्सऐप समूह का एडमिन राज हैं। इस ग्रुप पर राज पोर्न मूवी बनाने वाली कंपनी केनरिन प्रोडक्शन हाउस के चेयरमैन प्रदीप बक्शी से पैसे के लेन-देन और कंटेंट पोस्टिंग के बारे में चर्चा कर रहे हैं। पांच लोगों के इस ग्रुप में प्रदीप और राज के बीच अश्लील फिल्मों से जुड़ी कई मुद्दों पर चर्चा होती थी।



मुंबई में गिरफ्तार किए गए राज कुंद्रा को ले जाती पुलिस।

### बंगलों में होती थी शूटिंग

मुंबई के उपनगरों और कई इलाको में बंगले किराए पर लिए जाते थे, जहां अश्लील वीडियो फिल्में शूट की जाती हैं और बाद में उन फिल्मों को अश्लील साइटों और मोबाइल ऐप पर अपलोड किया जाता है। गिरोह जरूरतमंद लड़कियों को अपना शिकार बनाते थे।

### पांच साल की सजा संभव

इस मामले में आईटी एक्ट, 2009 की धारा 67 (ए) और आईपीसी की धारा 292, 293, 294, 500, 506 और 509 के तहत सजा का प्रावधान किया गया है। अपराध की गंभीरता के आधार पर पहले अपराध में पांच साल तक की जेल या 10 लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है।

### रोल के नाम पर फंसाते थे

पुलिस के मुताबिक, मुंबई फिल्म इंडस्ट्री में काम की तलाश में आने वाली जरूरतमंद लड़कियों को बड़ी फिल्मों में रोल दिलाने के नाम पर फंसाया जाता था। राज कुंद्रा ने पोर्न फिल्म इंडस्ट्री में 8 से 10 करोड़ रुपये का निवेश किया था।


JUBILANT INGREVIA

**Jubilant Ingrevia Limited**

Regd. Office: Bhartiagram, Gajraula, District Amroha - 244 223 (U.P.) | CIN: L24299UP2019PLC122657
Website: www.jubilantingrevia.com | Email: investors.ingrevia@jubl.com | Tel: +91-5924-267200 | Fax: +91-5924-252352

**Extract of Consolidated Unaudited Financial Results for the Quarter ended 30 June 2021**

(₹ in Lakhs)

| Particulars | Quarter Ended | | | Year Ended |
|---|---|---|---|---|
| | 30 June (Unaudited) 2021 | 31 March (Audited) 2021 | 30 June (Unaudited) 2020 | 31 March (Audited) 2021 |
| Total revenue from operations | 114456 | 68413 | - | 68413 |
| Net Profit before tax and exceptional items | 24305 | 9033 | - | 9033 |
| Net Profit before tax (after exceptional items) | 24305 | 7739 | - | 7739 |
| Net Profit after tax and exceptional items | 16826 | 5436 | - | 5436 |
| Total comprehensive income after tax (comprising profit for the period after tax and other comprehensive income after tax) | 17123 | 5934 | - | 5934 |
| Earnings per share of ₹ 1 each (Not annualised) | | | | |
| Basic (₹) | 10.58 | 5.20 | - | 20.78 |
| Diluted (₹) | 10.58 | 5.20 | - | 20.78 |
| Equity share capital | 1590 | 1593 | 5 | 1593 |
| Reserves excluding revaluation reserves (other equity) | | | | 190701 |

1. The Company has opted to publish consolidated results for the year ending 31 March 2022. The standalone unaudited financial results are available under Investors section of our website at www.jubilantingrevia.com and Financial Results at Corporates section of www.nseindia.com and www.bseindia.com. Key standalone financial information of the Company is as under:

(₹ in Lakhs)

| Particulars | Quarter Ended | | | Year Ended |
|---|---|---|---|---|
| | 30 June (Unaudited) 2021 | 31 March (Audited) 2021 | 30 June (Unaudited) 2020 | 31 March (Audited) 2021 |
| Total revenue from operations | 110543 | 66893 | - | 66893 |
| Profit before tax | 20327 | 5554 | - | 5554 |
| Net profit after tax | 13817 | 3859 | - | 3859 |

2. The figures for the current quarter are not comparable with previous periods since the figures for quarter and year ended 31 March 2021 include results of demerged LSI business from Jubilant Pharmova Limited for two months, from the effective date of demerger i.e., 1 February 2021 till 31 March 2021.
3. The above consolidated unaudited financial results were subjected to limited review by the Statutory Auditors of the Company, reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at its meeting held on 20 July 2021.
4. The above is an extract of the detailed format of the consolidated unaudited financial results for the quarter ended 30 June 2021 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format for the consolidated unaudited financial results for the quarter ended 30 June 2021 is available under Investors section of our website at www.jubilantingrevia.com and Financial Results at Corporates section of www.nseindia.com and www.bseindia.com.

For **Jubilant Ingrevia Limited**

Place : Noida
Date : 20 July 2021

**Rajesh Kumar Srivastava**
CEO & Managing Director